हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 मई 2024



04 बूथ अवेयरनेस ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं...



07 ठेकेदार बोला गलती से डाल दिया टेंडर कोठरी से...



### कलेक्ट्रेट में बैठक लेकर मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली

# सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों पर कमियों को दूर कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: कलेक्टर सिंह





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के शहरी एवं ग्रामीण मतदान केन्द्रों पर ग्रीष्म काल में पेयजल की व्यवस्था कराएं, जहां पानी के स्त्रोत नहीं है वहां टैंकर से पेयजल आपूर्ति करवाई जाए। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया एवं मटके की व्यवस्था पहले ही कर लें, जिन मतदान केन्द्रों पर टैंकर से पेयजल की व्यवस्था करें, वहां टैंकर छावं में खड़े कराए जाएं। सभी मतदान केन्द्रों पर फर्नीचर की व्यवस्था दो दिन पूर्व करवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्रों पर कमियों को दूर कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सेक्टर अधिकारियों को दिए। बैठक में क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की जानकारी लेकर कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष ध्यान रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटर इन्फार्मेशन स्लीप का वितरण करवाएं। कलेक्टर ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 1 मई से सुसनेर विधान सभा क्षेत्र में एवं 7 मई से आगर विधान सभा क्षेत्र में बूथ चलो अभियान सेक्टर अधिकारी के नेतृत्व में चलाया जाना है।

## कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे : कलेक्टर



कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य यह प्रयास करें। मतदान की दिनांक एवं समय प्रत्येक मतदाता को पता हो, इसके लिए दीवार लेखन, पर्ची वितरण, पीले चावल देकर आमंत्रण, मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व से मुनादी करवाना जैसे कार्य बीएजी के लोग करें एवं गत चुनाव के मतदान से अधिक मतदान लोकसभा निर्वाचन में हो, यह प्रयास करें। उक्त बात कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत सेमलखेड़ी में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अनुविभागीय अधिकारी मिलिंद ढोके, जिला स्वीप नोडल ओपी विजयवर्गीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके बक्तरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ कलेक्टर सिंह द्वारा किया गया एवं पूरे ग्राम में अतिथियों सहित ग्रामीणों द्वारा यात्रा के साथ भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा सबसे वरिष्ठ मतदाता एवं नव मतदाताओं को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं मतदाता पर्ची प्रदान कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी बूथ लगाया गया था, जहां पर ग्रामीणों द्वारा सेल्फी ली गई। महेश कुलश्रेष्ठ एवं समूह द्वारा मतदाता जागरूकता गीतों के माध्यम से मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। अंत में सभी उपस्थितजन को नैतिक मतदान की शपथ कलेक्टर द्वारा दिलाई गई।

### घर के मुखिया की शपथ रजिस्टर में करवा लें

अभियान के दौरान घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान की तिथि से अवगत कराते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें। हर घर से घर के मुखिया की शपथ रजिस्टर में करवा लें कि वह अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करेंगे, आगामी तीन दिन में हर घर पहुंच सुनिश्चित करें। स्वीप अंतर्गत 6 मई को रैली का आयोजन किया जाए। कलेक्टर सिंह ने सभी सेक्टर अधिकारी को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण करते रहे, कहीं कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत करवाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके, सहित नोडल अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वीप गतिविधियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया

**चलें बूथ की ओर अभियान के तहत मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली सूचना पर्ची का घर-घर किया वितरण**

**नलखेड़ा।** जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में तृतीय चरण के मतदान के लिए बुधवार से विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में चलें बूथ की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। घर-घर संपर्क के दौरान बीएलओ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को प्रदान की गई वोट गाइड लाइन एवं क्यूआरकोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कर तथा पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाकर विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में आने वाली 07 मई को अपने घरों से निकलकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। साथ ही घर के मुखिया को अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इसी के साथ चलें बूथ की ओर अभियान में अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, स्थानीय नागरिकों को नैतिक मतदान की शपथ, मेहंदी एवं रांगोली आदि गतिविधियां भी आयोजित कर मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संतोष अस्के के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य केंद्र से आयुष्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर कारपेंटर,डॉ. उजमा खान, दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवानी जाट, डॉ.मीनल मुनोत, नम्रता दुबे एवं आयुष राठौर ने स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष अस्के ने विद्यार्थियों से स्व-नियंत्रण से स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ श्याम सुंदर कारपेंटर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने के सरकार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ.उजमा खान द्वारा बच्चों में हो रही खून की कमी और उससे बचाव पर जोर दिया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. जीएल रावल द्वारा विद्यार्थियों को दुर्व्यसनों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. जितेंद्र चावरे द्वारा माना गया। इस अवसर पर डॉ. जगदीश प्रसाद कुलमी, डॉ. प्रेरणा पाठक, अनिल प्रजापति सहित स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### खेलवृत्ति आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**नलखेड़ा।** मप्र शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 01 से 31 मई 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित गए हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पद विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रुपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार रुपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रुपए खेलवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। जिले के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी जिन्होंने राज्य स्तर पर पदक प्राप्त किया वे आवेदन के साथ मूल निवासी, जाति, जन्मतिथि, खेल उपलब्धि, मेरिट प्रमाण पत्र, बैंक खाता के छायाप्रति आधार कार्ड की छायाप्रति, आवेदन पत्र के साथ जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा कराते समय मिलान के लिए मूल प्रमाण-पत्र खिलाड़ी साथ लाएं। आवेदन पत्र कर्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। खिलाड़ी अपने आवेदन 31 मई तक कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग सयुंक्त कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 218 में जमा करवा सकते हैं।

## वार्डों में मतदाताओं को वितरित की गई मतदाता मार्गदर्शिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर के वार्डों में मतदाताओं को मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। बुधवार को नगर के समस्त वार्डों में बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं निकाय कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका में पंजीकरण की प्रक्रिया, मतदान के दिन, मतदान की प्रक्रिया, अपना वोट डालना, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सुविधा एप, दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्वस्त न्यूनतम सुविधा, मतदाता शपथ, वोटर हेल्पलाइन नंबर जैसी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मतदाता मार्गदर्शिका में अंकित हैं।

### मतदाता पर्ची वितरण कार्य का अधिकारी ने किया निरीक्षण

## लोस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने मतदाता पर्ची का निरंतर हो रहा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में जिले के सभी मतदाता मतदान के लिए शत-प्रतिशत भागीदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए पूरे जिले में मतदाता पर्ची का वितरण का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

जिले में बीएलओ एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण के लिए मतदाता के घर-घर जाकर पर्ची वितरण कर रहे है और मतदाताओं को मतदान दिवस को सुबह से ही मतदान करने की समझाईश दी जा रही है और मतदान का महत्व समझाया जा रहा है। मतदाताओं से कहा जा रहा है कि वा स्वयं मतदान करें और अपने एवं अपने पड़ोस और महोल्लों से सर्वाधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशन दिये और जिले में मतदाता जागरूकता के तहत अनेक गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अधिक से अधिक मतदान करें।





इसी श्रृंखला में कलेक्टर सिंह ने पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के साथ मतदाता पर्ची वितरण व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिये गये है। इसी के तहत कर्मचारियों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण कार्य किया गया।

## री-टोटलिंग के लिए प्रति विषय शुल्क 200, उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी लेने चुकाने होंगे 250 रुपए

**री-टोटलिंग में कोई गलती न हो, हर मूल्यांकन केंद्र पर 3 शिक्षकों की समिति बनेगी**




**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकंडरी और हाई स्कूल का रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया है। रिजल्ट जारी करने के साथ ही कॉपियों के री-टोटलिंग की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। प्रति विषय 200 रुपए शुल्क ली जाएगी, जबकि उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए 250 रुपए प्रति विषय के हिसाब से फीस जमा करना होगी। प्रत्येक मूल्यांकन - केंद्र को 15 दिन की समय सीमा न के बाद कुल प्राप्त री-टोटलिंग > एवं उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी के के आवेदनों का लॉट दिया जाएगा। इसके बाद री-टोटलिंग की प्रक्रिया शुरु होगी। हायर सेकंडरी की परीक्षा के गणित और जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की उत्तर-पुस्तिका की री-टोटलिंग का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पिछले सत्र में री-टोटलिंग में हुई गलतियों को इस बार बोर्ड ने गंभीरता से लिया है और इस प्रक्रिया के लिए अलग से दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें मूल्यांकन केंद्रों पर तीन सदस्यीय समिति बनाने के लिए भी कहा गया है, जो री-वैल्यूएशन और री-टोटलिंग की प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेगी और कोई गलती नहीं होने देगी।

### एमपी ऑनलाइन से करना होगा आवेदन

बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि रिजल्ट की घोषणा के 15 दिन की समय सीमा में री-टोटलिंग और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसी भी प्रकार हस्तलिखित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन करते समय विद्यार्थी को फोन नंबर और ईमेल आईडी भी दर्ज कराना होगा। उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने वाले छात्रों को री-टोटलिंग कराना अनिवार्य किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ देवास ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**देवास।** 1 मई मजदूर दिवस पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदोरिया के निर्देश पर देवास इकाई द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांगों में विशेष कर टोल नाकों पर संघ के कार्ड को मान्यता देने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने, श्रद्धा निधि जीवन पर्यंत मिले जैसी पत्रकारों के हित से जुड़ी 21 सूत्रीय मांग रखी गयी। अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता, महासचिव चेतन राठौड़, खूबचंद मनवानी, धर्मेंद्र पिपलोदिया, वरुण राठौर, शकील कादरी, जितेंद्र मारू, मुर्तजा सैफी, शहाबुद्दीन मंसूरी, धीरज सेन सहित संगठन के कई पत्रकार साथी उपस्थित थे। उक्त जानकारी महासचिव चेतन राठौड़ ने दी।

### लखन को एक वर्ष के लिए किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आरोपी लखन उर्फ शेखर पिता कमल किशोर सोलंकी उम्र 38 साल निवासी देवास को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि 24 घण्टे के भीतर बाहर चले जाए।

### टोंकखुर्द और सोनकच्छ में बूथ अवेयरनेस ग्रुप को दिया प्रशिक्षण

# बूथ अवेयरनेस ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें: कलेक्टर

**जिले में बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा आयोजित की जायेगी मतदाता जागरूकता गतिविधियां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए सोनकच्छ विधानसभा में 13 को मतदान**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

लोकसभा निर्वाचन-2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए टोंकखुर्द और सोनकच्छ में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का चलो बूथ की ओर थीम पर प्रशिक्षण आयोजित हुआ। टोंकखुर्द में बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी देकर मतदान के लिए प्रेरित करें। देवास जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए हमें पूरी लगन, मेहनत और टीम वर्क के साथ कार्य करना है। जिस तरह पूर्व में हुए निर्वाचनों में स्वीप अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों के कारण मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सफलता मिली है।

लोक सभा निर्वाचन-2024 में भी सभी को संकल्प लेना है कि शत-प्रतिशत मतदान हो। प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन-2023 के निर्वाचन में सोनकच्छ में मतदान केन्द्रों पर अधिक मतदान कराने वाले बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य श्री रामेश्वर, नरेन्द्र, विजय पटेल, लक्ष्मण सिंह और अंकित गौस्वामी को बधाई दी। गुप्ता ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए रांगोली, मेहंदी, संगोष्ठी, चौपाल, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, सायकल रैली, मोटर साइकिल रैली, व्यजंन प्रतियोगिता, चित्रकला, ग्रामों मतदान के लिए डोंडी पिटवाये, बीएलओं द्वारा मतदाता सूची का वितरण, कार्निवाल, स्केटिंग, खेल प्रतियोगिता का आयोजन करें। मतदाताओं को जागरूक करें की मतदाता पर्ची के साथ 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर जायें। प्रशिक्षण में बूथ अवेयरनेस ग्रुप को मतदान की शपथ दिलाई। बूथ अवेयरनेस ग्रुप से मतदाता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के संबंध में सुझाव भी मांगे। बुजुर्ग और असहाय मतदाता की मद्द के लिए वॉलेंटीयर की ड्यूटी भी लगाई जायेगी। मतदान के एक दिन पहले बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ आंगनवाडी कार्यकर्ता और स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रभात फेरी निकाले, घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान के दिन सुबह से ही मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर जाने के लिए प्रेरित करें। अधिक उम्र के मतदाता और गर्भवती महिलाओं को बिना लाईन में लगे मतदान करायें।

मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। उल्लेखनीय है कि देवास जिले में विदिशा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 07 मई को खातेगांव विधानसभा में



मतदान होगा। देवास लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई को सोनकच्छ, देवास और हाटपीपल्या विधानसभा एवं खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में मतदान होगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, महिला बाल विकास अधिकारी रेलम बघेल, डीपीओ शीला शुक्ला सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्रवीण श्रीवास्तव कीर्ति अलंकरण सम्मान समारोह हुआ अयोजित

**चित्रगुप्त चौराहा श्रीवास्तव के कर्मठ होने का प्रमाण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रवीण श्रीवास्तव कीर्ति अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वरिष्ठ नागरिक संस्थान मल्हार स्मृति मंदिर उद्यान में किया गया। इस उपलक्ष्य पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशिकांत भटनागर पूर्व रिटायर लेफ्टिनेंट, हरि सिंह भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी, रेखा वर्मा पूर्व महापौर देवास, ओम प्रकाश पराशर अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक संस्थान देवास, डॉक्टर अनिमेष श्रीवास्तव महू , आभा निगम राष्ट्रीय महिला संयोजक नेशनल यूनियन का जर्नलिस्ट इंडिया, तश्मि प्रवीण श्रीवास्तव संस्थापक प्रवीण श्रीवास्तव जन चेतना मंच रहे।

इस उपलक्ष्य पर शशिकांत भटनागर ने अपने उदबोधन में कहा कि चित्रगुप्त चौराहा प्रवीण श्रीवास्तव के कर्मठ होने का प्रमाण है। व्यक्ति संकल्प ले तो सभी कार्य सरल सहज हो जाते है। साथ ही भारतीय ने कहा कि प्रतिभाओ का सम्मान करने से नई ऊर्जा आती है जिसका प्रत्येक व्यक्ति अनुसरण करता है ओर वह भी अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि चाहता है। वही पूर्व महापौर रेखा वर्मा ने कहा कि प्रतिभा के सम्मान में महिलाओं की भूमिका सराहनीय है। तश्मि प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि मंच हमेशा गतिशील रहा है आगे भी महत्वपूर्ण आयोजनों द्वारा अपनी उपलब्धियों को दर्ज करता रहेगा। अलंकृत प्रतिभाओं में डॉ. आलोक श्रीवास्तव चिकित्सा, जितेंद्र पुरोहित पत्रकारिता, यशोधरा भटनागर साहित्य, डॉ.सुषमा अरोड़ा उद्योगपति व शिक्षाविद, खुशबू शर्मा शिक्षा, अरुणा सोनी समाज सेविका, राजेश परमार रंगोली कलाकार, अरुणा प्रजापति ज्योतिष, रागिनी चौहान खेल, मूविन हाजी समीर खान कला संस्कृति , देव चौधरी सॉफ्टबाल खेल, समृद्धि श्रीवास्तव शिक्षा का सम्मान संस्था द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य पर डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव संस्था अध्यक्ष द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अंत मे आभार सुनील श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार सोनकच्छ ने माना।

# जिला निर्वाचन कार्यालय में काल सेंटर हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिलाधीश ऋषव गुप्ता के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी है। प्रत्येक स्तर के प्रत्येक माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान शत प्रतिशत हो। इसी अनुक्रम में नगर स्वीप प्रभारी स्मिता रावल के नेतृत्व में जिला निर्वाचन के कंट्रोल रूम में एक काल सेंटर का प्रारंभ किया गया। छात्राओं के एक समूह जय हिन्द सखी मंडल, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं सम्मिलित हैं, द्वारा उक्त काल सेंटर के माध्यम से जिले के बीएलओ गण से संपर्क कर मतदाता पर्चियों के वितरण की जानकारी ली जा रही है एवं उन्हें प्रेरित किया जा रहा है कि पर्ची वितरण के समय बूथ अवेयरनेस ग्रुप की सहायता ली जाए। मतदाताओं से निरंतर संपर्क कर शत प्रतिशत मतदान की अपील की जाए। जो मतदाता आजीविका के लिए बाहर गए है उनसे भी संपर्क करके उन्हें प्रेरित करें कि वे लौट कर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। बीएलओ गण से यह भी कहा जा रहा है कि जो मतदाता सामाजिक या पारिवारिक कार्यो से बाहर गए हैं उनका भी मतदान सुनिश्चित कराने का प्रयास करें।

प्रारंभ में स्वीप नगर प्रभारी स्मिता रावल द्वारा छात्राओं को तत्संबंधी संक्षिप्त प्रशिक्षण दिया गया। स्वीप दल सदस्य डॉ. रजनीश पोरवाल एवं प्रसून पंड्या ने डेमो देकर छात्राओं को अभिप्रेरित किया। काल सेंटर पर छात्राओं आर्या शर्मा, तनुश्री विश्वकर्मा, स्नेहा ठाकुर, पायल बोडाना, खुशी परिहार, तैय्यबा शेख और तुलसी परमार ने सहभागिता की। कंट्रोल रूम प्रभारी सौरभ जैन द्वारा आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई।

# बुजुर्ग संत पर हुआ हमला, भोलेनाथ उत्सव समिति ने कोतवाली पुलिस को आवेदन सौंपा, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

धर्म स्थल पर बुजुर्ग संत पर असामाजिक तत्वों ने जान लेवा हमला किया। आरोप लगाते हुए भोलेनाथ उत्सव सेवा समिति के लोग बुधवार को कोतवाली थाने पहुंचे और जांच की मांग करते हुए एक आवेदन पुलिस को सौंपा। भोलेनाथ उत्सव सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मील रोड़ स्थित भोलेनाथ मंदिर पर पिछले दिनों 29 अप्रैल को अज्ञात लोगों ने संत मोनी बाबा उम्र 95 पर जानलेवा हमला किया और उनके साथ मारपीट की गई। समिति सदस्यों ने कहा कि मोनी बाबा बुजुर्ग होने के साथ अस्वस्थ हैं। वह सोए हुए थे उस दौरान कंबल डालकर बुरी तरह उन्हें पीटा गया और उनका गला दबाने की कोशिश भी की गई। मंदिर पर इसी तरह पूर्व में भी एक अन्य संत के साथ मारपीट की घटना हो चुकी है। समिति के लोगों ने बताया कि मंदिर स्वामित्व की 10 से 12 एकड़ जमीन व मंदिर की गौशाला पर कुछ असामाजिक तत्वों की नजर है। समिति के लोगों ने संत मोनी बाबा की सुरक्षा व्यवस्था करने की भी मांग की है।

# मेहंदी लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

लोकसभा चुनाव के दौरान बीते चरणों मे मतदान के कम प्रतिशत को लेकर शासन प्रशासन चिंतित नजर आ रहे हैं। लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नगर परिषद बागली में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर परिषद सीएमओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि लगातार शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के चलते अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार के दिन बागली नगर में महिलाओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेहंदी बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं एवं नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# चापड़ा में यू ट्यूब कलाकारों ने किया वीडियो शूट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

आज के समय में सोशल मीडिया पर जगह बनाने के लिए कई लोग प्रयास कर रहे है। इस बीच ऐसे कई चेहरे हैं, जो यूट्यूब पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

लाखों लोग उनके वीडियो देखते हैं। उनमें से एक यूट्यूबर कलाकार कि टीम बुधवार के दिन चापड़ा पहुंची।

जहां पर उन्होंने एक वीडियो शूट किया, बता दे की पहली बार चापडा में किसी यूट्युबर द्वारा वीडियो शूट किया गया है। जैसे ही नगर के लोगों को इसकी जानकारी मिली,तो मिलने के लिए एवं वीडियो शूटिंग देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई । इस दौरान इंदौर रोड पर पाटीदार समाज की ओर से यूट्यूब टीम के सदस्यों का स्वागत भी किया गया।

शाजापुर जिला के ग्राम मोलटा निवासी कॉमेडियन राहुल पाटीदार एवं नटखट शिवानी पटीदार अपनी टीम के सथ बुधवार को चापड़ा पहुंचे, जहां पर उन्होंने अलग-अलग स्थान पर मालवीया भाषा में वीडियो शूट किए ।इस दौरान सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में उनके फॉलोअर उनसे मिलने पहुंचे।

मीडिया से चर्चा करते कलाकार राहुल पाटीदार ने बताया कि उन्हें सभी लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है, सभी वीडियो मालवा भाषा में ही बनाते हैं। इस क्षेत्र में पहली बार उनका आना हुआ है। इस दौरान अशोक पाटीदार, राजेश पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह सेंधव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राठौड़ की 165वीं पुण्यतिथि पर राघौगढ़ की गढ़ी में हुआ में ऐतिहासिक आयोजन

# तात्या टोपे के बाएं हाथ थे, राघौगढ़ के राजा दौलत सिंह: जाधव






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले के राघौगढ़ में स्थित ठाकुर दौलत सिंह राठौड़ की 165 वीं पुण्यतिथि पर राघोगढ़ की गढ़ी में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इसमें इतिहासकार दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब ने राघौगढ़ के इतिहास और ठाकुर दौलत सिंह राठौड़ के सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कि दौलत सिंह राठौड़ स्वतंत्र प्रवृत्ति के शासक थे,उनका अपना ध्वज था,वे किसी ध्वज के नीचे शासन नहीं करते थे, इसलिए ठाकुर दौलत सिंह राठौड़ को ठाकुर ना कहते हुए,राजा दौलत सिंह राठौड़ कहना ही अधिक उचित होगा। राजा दौलत सिंह राठौड़ स्वातंत्र्य वीर तात्या टोपे के बाएँ हाथ थे। वे तात्या टोपे के अभिन्न मित्र ही नहीं थे, अपितु स्वराज्य के मार्ग पर चलने वाले तात्या टोपे का ही एक रूप थे, जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों तक अपना राष्ट्रधर्म निभाया। ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है, कि शिवपुरी में जब तात्या टोपे को फाँसी दी गई,तब उनके साथ एक और बलिदान जिले के ही राघोगढ़ के राजा दौलत सिंह राठौड़ का भी हुआ था। जाधव ने गढ़ी के एक-एक तथ्यों से तथा 1857 के राघोगढ़ में हुए राजा दौलत सिंह राठौड़ की सेना तथा अंग्रेजी सेना के मध्य हुए युद्ध के समय की तत्कालीन स्थितियों का सूक्ष्म एवं स्पष्ट चित्रण तथा युद्ध के सम्पूर्ण प्रसंग का प्रभावी ढंग से वर्णन किया। हजारों की संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने मंत्रमुग्ध होकर उनका तेजस्वी व्याख्यान सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ थे तथा अध्यक्षता भगवान सिंह ने की। कार्यक्रम में अजय गुप्ता, धनेन्द्र सिंह, राहुल भौमिक, कपिल पंवार, कालूसिंह चौहान, सुरेश जायसवाल,निलेश जाट, कीर्ति चव्हाण, महेश मीठे आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । साथ ही आस-पास के 25 गाँवों से लोग जूलूस के रूप में इस व्याख्यान को सुनने आए थे। राजा दौलत सिंह राठौड़ के वंशज इन्दर सिंह,चौतसिंह, दिग्विजय सिंह,टिकेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। व्याख्यान के पश्चात सभी लोगों ने गढ़ी की सुरक्षा एवं गढ़ी में राजा दौलत सिंह राठौड़ की भव्य प्रतिमा को स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। आभार जयेन्द्र सिंह राठौड़ ने माना एवं संचालन प्रवीण जाट ने किया।

# इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने पंछियों के लिए की दाने पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

इनरव्हील क्लब बागली एक्टिव के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए की पंछियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था की गई।

सभी नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है, की मुक पशु- पक्षियों का गर्मियों में विशेष ध्यान रखें एवं सभी अपने घरों की छतों पर उनके लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। क्लब अध्यक्ष श्वेता नाहर ने बताया क्लब के द्वारा गर्मियों में यह कार्य पिछले तीन वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर सदस्य श्यामा तोमर, गीता चौधरी, लक्ष्मी ग्रेवाल, संध्या शिवहरे, डाली राठौर, शीला राठौर, मनीषा शिवहरे, शिल्पा नाहर बरखा रातडिया आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## जन परिषद के प्रांतीय सचिव बने अब्दुल रऊफ खान लाला



**आष्टा।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक व सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने समाजसेवी रऊफ खान लाला को जन परिषद का प्रांतीय सचिव मनोनीत किया है। जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 35 वर्षों से सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ-साथ कई ऐतिहासिक व अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर दस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है।

## अभिषेक मालवीय का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** पिछले दिनों लंबी बीमारी के बाद अभिषेक मालवीय का निधन हो गया। वे रिटायर शिक्षक नन्नू लाल मालवीय के पुत्र व पूर्व वरिष्ठ पार्षद बाबूलाल मालवीय के छोटे भाई थे। वे शिक्षक के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव कैलाश परमार, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, शैलेश राठौर, नरेंद्र कुशवाह, पार्वती गोशाला के कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, समाज सेवी सुनील प्रगति, नरेंद्र पोरवाल, सुरेंद्र परमार एडवोकेट, सुनिल कचनेरियां, नंद किशोर सारसिया आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### ठेकेदार की लापरवाही से अधूरी बनी सड़क से लोगों को हो रही परेशानी

# ठेकेदार बोला गलती से डाल दिया टेंडर कोठरी से निपानिया तक बननी है सड़क

बिजली के खंभे और रोड पर झूलते तार हादसों को दे रहे हैं न्योता, विभाग नहीं दे रहा ध्यान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

दो जिलों को जोड़ने वाला सीहोर और शाजापुर सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही है जिसमें कोठरी से बन रही सड़क योजना की निर्माणधीन है ,आमजन के लिए मुसीबत का सबब बानी रही है। दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क पर ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही, एवं पार्वती पर का रोड भी हाथों को निमंत्रण दे रहा है, वही ठेकेदार द्वारा कछुआ चाल चल रहे काम में कई महीनो पहले सड़क की खुदाई करने के बाद उस पर बोल्डर फैला दिए, गिट्टी व मुरम डली होने के कारण लोगों को आवा जाहि में परेशानियों हो रही है, वहीं वाहन चालकों को गिट्टी और मुरम पर फिसलने से कई बार वाहन चालक हादसो का सिकाई हो के घयाल हो चुके है , रोड पर बिजली के पोल शिफ्टिंग नही होने से वाहन चालकों को हो रही परेशानी वही हादसों का लगा रहता है डर। रोड ऊंचा होना होने और पुल की जगह पर तार नीचे होने के कारण हो रही है परेशानियां।

### ठेकेदार ठेका लेकर बदला

ठेकेदार के द्वारा रोड और पुल बनाने से पहले बिजली के पल सेटिंग करवाना चाहिए पर ठेकेदार द्वारा नहीं किये गये ।बिजली के पोल शिफ्ट करने वाला ठेकेदार ठेका लेने के बाद पलट गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने ठेका तो ले लिया पर कम कम परसेंट में ठेका लेने के कारण ठेकेदार ने काम करने के लिए लेने हाथ खड़े कर दिए , अब अगले टेंडर का इंतजार? वही जब जिम्मेदारों से बात की गई तो यह बोला गया कि ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया उसको जितने 47 परसेंट में टेंडर लिया था जो काम पड़ रहा है । विगत दिवस बिजली के पोल सड़क पर होने के कारण एक कर भी हादसे का शिकार हो चुकी है और वाहन चालक डर के साए में राहगिर निकल रहे है।



### कछुआ चाल चल रहा काम से राहगीरों को हो रही परेशानी

दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क पर ठेकेदार द्वारा कछुआ चाल से काम चल रहा है, वहीं वाहन चालकों को निर्माणधीन सड़क के कारण आने-जाने में असुविधा हो रही है। जिस प्रकार से कछुआ चाल चल रहा है कार्य उससे लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वही रोड पर झूलते हुए तार से वाहन चालकों में भी आक्रोश है ठेकेदार को रोड बनाने से पहले बिजली के पोल एक तरफ शिफ्ट करना था, किंतु ठेकेदार ने बिजली के पोल शिफ्ट किये बिना ही रोड बना दिया, जिससे वाहन में करंट लगने का डर अक्सर वाहन चालकों को लगा रहता है। वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वाहनों को निकालने में बड़े ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है झूलते बिजली के तार हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं अगर समय रहते ठेकेदार काम नहीं करता है तो बारिश में बड़ी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। पोल शिफ्टिंग नहीं होने और रोड ऊंचा होने के कारण तारों के नीचे से निकलना यानी कि हादसों को निमंत्रण देना है आखिर कब तक ठेकेदार ठेके लेकर काम नहीं करेगा?



### ठेकेदार बोला गलती से डाला था टेंडर

जब पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अजय सिंह से बात की गई तो उनका कहना है, टेंडर निकला था, नंदकिशोर मीणा ने टेंडर लिया था। जिन्हें टेंडर मिला शिफ्टिंग करने उन्होंने 47 प्रतिशत डाला था टेंडर, हमने तो लिख दिया था हमें काम जल्दी करवाना है, अब ठेकेदार बोल रहा हैं कि मेने गलती से टेंडर डाल दिया था 47 प्रतिशत, हमने तो कार्रवाई के लिए भी लिख दिया है, ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करके दोबारा टेंडर निकाला जाएगा।

# नाबालिग बालिका को 12 घंटे में किया दस्तायाब

**जावर पुलिस को मिली सफलता**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा अपहरण के प्रकरणों में अपहरण की दस्तयाबी एवं आरोपी को पकड़ने हेतु निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में थाना जावर के अप क्र 154/24 धारा 363 भादवि में अपहर्ता की दस्तयाबी एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 28/4/24 को फरियादी कैलाश चंद्र पिता नरबत सिंह उम्र 40 साल निवासी ग्राम कुडिंयाधागा ने थाने पर आकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री दिनांक 27/4/24 को 12 वी का रिजल्ट देखने घर से मेहतवाड़ा आई थी जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं पहुंची जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना जावर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप क्र 154/24 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मुखबरी लगाकर नाबालिग लड़की को सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में अपहर्ता के कथन के आधार पर प्रकरण धारा 366,376(2) (एन) भादवि 5/6 पास्को एक्ट का इजाफा किया गया है तथा आरोपी अर्जुन सिंह सूर्यवंशी पिता रंजीत सिंह सूर्यवंशी उम्र 23 साल निवासी जिवापुर महोडिया थाना जावर जिला सीहोर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। सराहनीय कार्यवाही - उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक आर, एन मालवीय ,उनि अनिल डोडीयार,आर 782 योगेश ,सै1202 देवपाल का सराहनीय योगदान रहा है।

### वाहन रैली निकालकर किया जागरूक

**सीहोर।** नगर परिषद बुधनी व रेहटी में मतदाता जागरूकता व शतप्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिये की स्वच्छता टीम द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रैली निकली गई। शतप्रतिशत मतदान का संदेश हर वार्ड हर गली हर घर तक पहुंचाया गया। इसी प्रकार नगर परिषद जावर में भी महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महिलाओं को आपने मताधिकार का उपयोग करने की जानकारी दी।

### इमरजेंसी के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात रहेंगे

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य संपादन के लिए जिले में संसदीय क्षेत्र विदिशा, भोपाल, देवास के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों, आयुष चिकित्सकों, सीएचओ की अनिवार्य डयूटी लगाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन अवधि में कॉल आते ही स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करायेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मीयों को (सीपीआर) की ट्रेनिंग दी गई है एवं जिला चिकि. / सिविल अस्प/सीएचसी अस्पतालों में बेड रिजर्व रखने की व्यवस्था की गई है एवं संपूर्ण जिलें में 108 एम्बुलेंस को मुस्तेदी से तैनात रहने एवं इमरजेंसी सेवायें देने के सख्त निर्देश दिए गए।

# श्यामपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

लोकसभा चुनाव के मध्देनजर थाना श्यामपुर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन में व अनुविभागीय अधिकारी सीहोर पूजा शर्मा के मार्ग निर्देशन में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु थाना श्यामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा द्वारा थाना श्यामपुर फोर्स सीआरपीएफ का फोर्स को साथ लेकर थाना श्यामपुर क्षेत्र के कस्बा श्यामपुर, सोठी घाट, पलासी, पान बिहार, रावण खेड़ा, काद्राबाद, सरखेड़ा, खंडवा व अन्य गांव में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया।

# कोठरी की श्रेया गुप्ता ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर किया अपने नगर का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

सीहोर जिले में सर्वाधिक अंको से 12 वी में 95.4% से पास हुई श्रेया गुप्ता का सोमवार को निवास पर पहुंचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर नहीं किया सम्मान।हर संभव मदद करूंगा विधायकविधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने छात्रा और परिजन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिटिया की हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।हमारे आष्टा विधानसभा का नाम प्रदेश और जिले स्तर पर रोशन किया है ,आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस दौरान बधाई देने वालो में जिला के महामंत्री धारा सिंह पटेल ,नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, कोठरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश पटेल, दिनेश चौधरी, ललित धारवां,राम गोपाल शक्ति, ज्ञान चंद्र टेलर्स, मानकचंद्र जैन,मदन लाल वर्मा, मुन्नलाल ठाकुर, राकेश मालवीय, त्रिलोक गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, बलराम गुप्ता, धर्मेन्द्र परिहार,अंकित तोमर, राजकुमार पटेल ,महेश कुमार, सचिन गुप्ता ,राकेश वर्मा ,राजेश बैरागी, आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर व निर्वाचन आयोग से विधायक के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद राजावत को सौंपा। श्री शर्मा ने बताया कि विधायक सुदेश राय द्वारा नियम विरुद्ध ना केवल सीहोर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया बल्कि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सहित अन्य डॉक्टर्स के साथ बैठक कर उनको व्यवस्थाएं बदलने संबंधी कई निर्देश भी दिए। लोक सभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के दौरान उनके द्वारा सरकारी अस्पताल का निरीक्षण और सीएमएचओ, सिविल सर्जन सहित अन्य डॉक्टर्स के साथ बैठक कर उनको निर्देशित करना चुनाव आयोग के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। इसके द्वारा उन्होंने गलत तरीके से मतदाताओं को लुभाने का कुत्सित प्रयास किया है, जो कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

# सड़क, पानी और साफ-सफाई नहीं होने से परेशान हैं वार्ड के रहवासी

**नगर के नाईपूरा में समस्याओं को लेकर वार्डवासी हुए एकजुट**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सरकार भले ही लाख विकास के दावे करें, लेकिन धरातल पर हकीकत इसके विपरित है। विकास के काम नहीं होने के कारण लोग चुनाव का बहिष्कार करने तक की बात करने लगे हैं। लोगों का कहना है कि हम किसी को भी सुन लें, पर हमारी कोई नहीं सुनेगा। कई क्षेत्र तो ऐसे हैं जहां अब भी लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए ही परेशान हैं। उनको फिलहाल तो सरकार की योजनाओं के पूरे होने और वादों के पूरे होने का इंतजार है। इन क्षेत्रों के लोगों ने सरकारें बदलते देखी, जनप्रतिनिधि भी बदल दिए और पार्टियां भी बदली। वो इस आस में बदलते गए कि कोई तो उनके जीवन में भी बदलाव लाएगा, पर उसनके जीवन में बदलाव नहीं आया। जो बदलाव आया है वो उनके ही परिश्रम का परिणाम है। जो उम्मीदें जनप्रतिनिधियों से थीं वो पूरी नहीं हुई। जावर नगर में नवदुनिया चौपाल पर लोग खुलकर बोले और अपनी समस्याएं बताई। नगर के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9 नईपूरा के लोगों को उनकी मूलभूत सुविधाएं आज तक नहीं मिल पाई। वार्ड 8 व 9 के आधे से ज्यादा नलकूप में एक बूंद पानी भी नहीं आता है, आवास योजना के हितग्राहियों की दूसरी व तीसरी किस्त नहीं डाली जा रही है। वहीं नाईपूरा की पुलिया भी क्षतिग्रस्त है। नगर के वार्ड 7, 8 व 9 में आने वाले नईपूरा इलाके में लोगों की माने तो सड़क मंजूर होने के बाद भी नहीं बन रही है। जबकि कई बार स्थानीय पार्षद से लेकर सभी अधिकारियों तक को अवगत करा चुके है। इस इलाके के रहने वाले बताते हैं अभी तक पानी निकलने का रास्ता नहीं बन पाया। वर्षा में यहां रहना दूभर हो जाता है। वहीं वार्ड में नियमत सफाईकर्मियों द्वारा सफाई नहीं की जाती है और न ही सफाई वाहन आता है। शांति बाई ने बताया कि 2021 में आवास की किस्त डाली थी। पति की मृत्यु के बाद सैकड़ों बार नगर परिषद के चक्कर लगा चुकी हूं, पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही घर पर टूटी- फूटी चद्दर लगी है। जब भी वर्षा होती है पन्नी के नीचे बैठकर दिन रात निकालना पड़ता है, अगर वर्षा से पहले मेरी दूसरी किस्त नहीं डाली तो वर्षा में घर में रहना दुश्वार हो जाएगा। वार्डवासी जगदीश मालवीय ने बताया कि नाईपुरा में कई वर्षा से जल संकट की समस्या चली आ रही है। कई बार हम वार्डवासी नगर परिषद कार्यलय पहुंचकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया गया। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।




**नगर के नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर साईं कॉलोनी में हुए आशीष वचन**

# बिना लक्ष्य के जीवन में मंजिल की प्राप्ति नहीं: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम सभी लोग संसार में रहकर मोक्ष मार्ग को प्रशस्त कर रहे हैं। लक्ष्य बनाकर जिएं, अन्यथा भटक जाओगे। बिना लक्ष्य के मंजिल की प्राप्ति नहीं। वक्त है,संभल गए तो जीवन सफल। बिना लक्ष्य के गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचेंगे।मोक्ष जाना चाहते हैं, बिना लक्ष्य के मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं। अनादिकाल से भटक रहे हैं। सही मार्ग पकड़ कर चलें।हम सही रास्ता पकड़े हैं,आप लोगों ने सही रास्ता नहीं पकड़ा है।

हमें गुरुजी ने सही रास्ता दिखाया है।आप लोग भटके और अटके हुए हैं।आप लोगों को सदगुरू का सानिध्य मिला,अब भटके नहीं। गृहस्थ आश्रम में रहकर भी कल्याण करें। मोक्ष मार्ग पर चलने वाले हो, भटकों नहीं। यह बातें नगर के नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर साईं कॉलोनी में आशीष वचन देते हुए मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा समुद्र का पानी पीने योग्य नहीं, क्योंकि वह खारा है। नदी, सरिता का जल ही पीते हैं। साधु भी सरिता की तरह है,वह भी स्थिर नहीं रह सकते हैं। वर्ष 2011 से आष्टा से जुड़े हैं। आप लोगों को गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ससंघ का सानिध्य प्राप्त होता रहा। आप सभी के बहुत कुछ मिथ्यात्व, पाप क्षय हो गए। बहुत उन्नति हो गई और उन्नति करना है।



किला मंदिर केंद्र सरकार की तरह किला मंदिर केंद्र सरकार की तरह हैं, वहां पर नित्य आराधना करने जाएं। कुछ लोगों को मंदिर, मूर्ति, साधु से जुड़ाव हो गया। तीन बार भोजन तो तीन बार दर्शन भगवान के करने से पापों की हानि होगी और पुण्य का लाभ मिलेगा। आज साधन की कमी नहीं है, मंदिर घाट के समान है, यहां पापों को धोया जा सकता है। यहां संतों का सानिध्य प्राप्त होता रहता है। मुनि सागर महाराज ने कहा आने वाली पीढ़ी व संतान को पिच्छी कमंडल पकड़ने लायक बनाएं। हमारी संस्कृति, सभ्यता को देख कर चिंतन करें। सभी भगवान आदि पहाड़ से मोक्ष निर्वाण किया।किला मंदिर भी पहाड़ अर्थात आत्म कल्याण का क्षेत्र है। तीर्थ के समान है। मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की समाधि से यह स्थान और अधिक पूजनीय हो गया। किला की महिमा बढ़ाने में मदद करें। धर्म क्षेत्र में आलस्य नहीं करें। मंदिर बनना लाभकारी है।

# डाकघर र्कचारियों ने मतदान के प्रति जागरूक करने निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को जिला मुख्यालय पर स्थित कार्यालय अधीक्षक डाकघर सीहोर व मुख्य डाकघर के सभी स्टाफ अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के जागरुकता के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक डाकघर, सीहोर प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर इत्यादि कार्यालय अधीक्षक डाकघर सीहोर व मुख्य डाकघर स्टाफ के साथ साथ सभी ग्रामीण डाक सेवक, पोस्टमैन आदि भी इसमें शामिल रहे। स्थानीय नागरिकों के द्वारा इस रैली की सराहना की गई है। शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी के द्वारा संकल्प लिया गया।

## राजगढ़ में 7 मई को होने वाले चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश

# सिर्फ पर्ची से नहीं डलेगा वोट, इन 12 में से कोई एक दस्तावेज जरूरी

म प्र राज्य निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आगामी 7 मई को लोकसभा क्षेत्र की सभी आठों विधानसभाओं राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर, राघौगढ़, चाचौड़ा एवं सुसनेर में मतदान होना है। इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का प्रदाय अलग-अलग बीएलओ से करवाया जा रहा है। लेकिन, यह मतदाता पर्ची चुनावों में वोट डालने के लिए स्वीकार नहीं होगी। वोटर्स अक्सर मतदाता पर्ची अपने साथ बूथ पर ले जाया करते हैं। लेकिन यह मतदाता पर्ची वोट डालने के लिए मतदाता फोटो पहचान के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। वोट डालने के लिए मतदाता को वोटर कार्ड या चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को मतदान केंद्र पर दिखाना अनिवार्य होगा।

अगर आप चाहेंगे की सिर्फ मतदान केंद्र के कर्मचारी आपको सिर्फ मतदाता पर्ची से मतदान कर लेने दें, तो ऐसा नहीं हो पाएगा। इसलिए सुलभ मतदान के लिए वोटर कार्ड या मतदाता परिचय पत्र के अलावा आयोग ने 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज निर्धारित किए हैं, जिन्हें दिखाकर मतदान किया जा सकेगा।

### चुनाव के संबंध में यह भी ध्यान देने योग्य

इसी प्रकार यदि किसी कारण से नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में है तो भी वह मतदान कर सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को पहचान के लिए केवल अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि इपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान संभव नहीं है तो उस मतदाता को 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो दर्ज है परन्तु किसी वजह से उसके पास वोटर कार्ड उपलब्ध नहीं है, ऐसी स्थिति में भी वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा।

### अगले मंगलवार 7 मई को हैं चुनाव

आपको बतादें कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव हो रहे हैं। मतदान की तारीख अगले मंगलवार 7 मई निर्धारित है। मतगणना अगले महीने 4 जून 2024 को होगी।

### इनका कहना है

मतदाता पर्ची वैध दस्तावेज नहीं है। कोई भी मतदाता वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा आधार, पेनकार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, जॉबकार्ड के साथ ही निर्धारित 12 दस्तावेजों में किसी भी एक को दिखाकर वोट कर पाएगा।

\- हर्ष दीक्षित,
कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी, राजगढ़

### आयोग ने आपके लिए सुझाए हैं ये 12 दस्तावेज

- वोटर कार्ड
- आधार कार्ड
- पेन कार्ड
- ड्राइविंग लायसेंस
- पोस्ट ऑफिस की पासबुक
- मनरेगा जॉब कार्ड
- पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- कंपनियों के आईडी कार्ड।
- स्मार्ट कार्ड
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- दिव्यांगजनों के यूनिक कार्ड
- सांसदों, विधायकों, एमएलसी के आधिकारिक पहचान पत्र।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाजापुर



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई शाजापुर द्वारा 21 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर को सौंपा गया। सीईओ ने जिलेभर से आए पत्रकार साथियों को आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की शपथ दिलाई।

जिला अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे पुराना श्रमजीवी पत्रकारों का प्रतिनिधि संगठन है और प्रदेश की एक मात्र श्रमजीवी पत्रकारों की ट्रेड यूनियन भी। यह संगठन श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं के साथ ही श्रमजीवी पत्रकारों के माध्यम से समाज और शासन के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए जनकल्याण और जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। समय-समय पर अपने ज्ञापनों के माध्यम से श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। 01 मई मजदूर दिवस को प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में बुधवार को पूरे प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया गया। 21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके लिए राज्य सरकार ने एक कमेटी भी बनाई, लेकिन उस कमेटी की आज तक बैठक नहीं हो पाई। इसके अलावा भोपाल स्थित मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की भूमि वापस करने की बात कही गई है, इसमें बताया गया है कि मालवीय नगर भोपाल स्थित विशाल पत्रकार भवन को कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने ध्वस्त कर भूमि ले ली थी। वह भूमि जिस पर पिछले 50 सालों से अधिक साल तक श्रमजीवी पत्रकार बैठकर काम करते थे, वह भूमि हम लोगों को दिलाई जाए। इसके अलावा श्रम विभाग के सहयोग से कमेटिया बनाने, संभाग व जिला स्तर पर श्रमजीवी पत्रकार प्रकोष्ठ बनाने, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिलाने, श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का गठन करने तहसील स्तर पर सूचना सहायक नियुक्त किए जाने, टोल नाको पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड पर छूट प्रदान करने, समाचार पत्रों तथा पत्रकारों को जीएसटी से मुक्त रखने, कतिपय पत्रकार संगठनों द्वारा किए जा रहे अधिमान्य शब्द का दुरूपयोग रोका जाए। पत्रकारों को श्रद्धानिधि जीवन पर्यन्त मिलें, जनसंपर्क कार्यालय में स्टाफ की कमी को दूर किया जाए। शासकीय आवास स्थाई रूप से आवंटित हो, पत्रकारों के चिकित्सा कार्ड बनाया जाए, अधिमान्यता समितियों का गठन हो, पत्रकारों को कम ब्याज पर ऋण मिले, सरकारी नौकरियों में पत्रकारों के बच्चों को भी आरक्षण दिया जाए। तहसील और जिला मुख्यालय में पत्रकार भवन के लिए भूखंड आवंटित किए जाएं। इस संबंध में राज्यपाल से मांग की गई है कि सभी 21 सूत्रीय मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए। इस अवसर पर मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष मनोज जैन, प्रदेश संयुक्त सचिव अभिषेक सक्सेना, शिवपालसिंह चौहान, किशोर खन्ना आदि उपस्थित थे।

# वैधानिक चेतावनी देते हुए महिला बाल विकास ने रुकवाया नाबालिग का विवाह

## ग्राम मऊ में मंसूरी समाज के विवाह सम्मेलन में पहुंची टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राजगढ़ जिले में नातरा प्रथा एवं नाबालिकों का विवाह होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है और नातरा प्रथा एवं बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन हमेशा अपने अमले को एक्टिव करता रहता है। फिर भी नाबालिकों का विवाह एवं नातरा प्रथा का काम चल रहा है। नाबालिकों के विवाह अभी भी धड़ल्ले से हो रहे हैं। नाबालिक की शादी होने की सूचना पर सारंगपुर महिला बाल विकास की टीम सारंगपुर के मऊ ग्राम में पहुंची, यहां पर 5 बाल विवाह होने वाले थे। मौके पर पहुंचकर टीम ने बाल विवाह रुकवा कर उपस्थित समाज जनों एवं बाल विवाह करने वाले को वैधानिक चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार से बाल विवाह न करें समझाने के बाद भी लोगों में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता नहीं आ रही है।

कड़े कानून के बाद भी बाल विवाह और नाबालिगों की शादी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी केदार शर्मा ने अपनी टीम के साथ समीप ग्राम मऊ में मंसूरी समाज द्वारा आयोजित विवाह सम्मेलन में 5 बाल विवाह रोकने का काम किया। उल्लेखनीय यह हैं की अजमेरी मंसूरी समाज सम्मेलन कमेटी मऊ द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पांच जोड़े अंदर एज होना पाया गया तथा वधु 18 वर्ष से कम एवं वर 21 वर्ष से कम पाए गए जिस कारण मौके से विवाह रुकवाया गया शेष 46 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। वही समिति को बताया गया की अगर भविष्य में कम उम्र वाले कोई वर वधु पाए जाते हे तो वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के दौरान महिलाबाल विकास परियोजना अधिकारी केदार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



# महायज्ञ के अंतिम दिवस अनेक साधकों ने ली गुरु दीक्षा

**राजगढ़।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में स्थानीय प्रज्ञा भवन में चल रहे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस दौरान सैकड़ों साधकों को गायत्री महामंत्र द्वारा गुरू दीक्षा प्रदान की गई। सभी को महामंत्र की महिमा बताते हुए इसके जप करने से होने वाले लाभों को प्रतिपादित किया गया।

हरिद्धार के संत आचार्य सर्वेष शर्मा ने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा से बड़ा मां गायत्री का कोई साधक नहीं है उन्होंने निरंतर 24 वर्षों तक साधना कर माता से सिद्धी प्राप्त की थी। पूर्णाहुति की पूर्वसंध्या पर सोमवार को महिला मंडल द्वारा विषाल दीपयज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे यज्ञ स्थल को रंगोली एवं दीपों से सजाया गया। आटे से बने सैकड़ों दीपकों को महिलाओं ने थाली में सजाकर एकसाथ दीपयज्ञ संपन्न करवाया। आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने होने पर गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# छानछगोड़ा के जंगल में मिला लापता युवक का अर्द्धकंकाल

## 18 फरवरी को खिलचीपुर के बारोल से गायब हुआ था युवक



**राजगढ़।** करीब दो माह पूर्व 18 फरवरी को खिलचीपुर थानाक्षेत्र के बारोल ग्राम निवासी 33 वर्षीय युवक विष्णु शर्मा अचानक लापता हो गया था। परिजन और पुलिस के लाख तलाशने पर भी विष्णु का कोई पता नहीं लग पा रहा था। मंगलवार दोपहर राजगढ़ कोतवाली के तहत आ रहे छानछगोड़ा के जंगल में विष्णु का शव मिला है। शव की स्थिति इतनी अधिक खराब हो चुकी थी कि उसे अर्द्धकंकाल कहा जा सकता है। जंगल में जिस स्थान से शव मिला है, वह बारोल गांव से करीब 3 किमी की दूरी पर है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व अन्य विधिसम्मत कार्रवाईयों की। पुलिस के अनुसार शव डेढ़ से 2 माह पुराना हो सकता है। पुलिस हर पहलू से पूरे मामले की जांच कर रही है।



# इंटेक वेल का निरीक्षण किया

**पचोर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे द्वारा नगर की पेयजल व्यवस्था के प्रमुख स्त्रोत नेवज नदी इंटेक वेल का निरीक्षण किया गया। नगर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए गए।

### छात्रावास में अनेक प्रतियोगिता आयोजित

**विदिशा।** जिले में संचालित 76 छात्रावासों में गतिविधियां आयोजित कर मतदान करने का संदेश दिया गया। जनजातिया कार्य विभाग की जिला संयोजक पारुल जैन ने बताया कि जिले के 76 छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के मध्य ड्राइंग, निबंध लेखन, वाल पेंटिंग व मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया है। छात्रावासों में शाम को दीप प्रज्वलन कर मतदान का संदेश दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों में छात्रवासी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की है। कलेक्टर श्री वैद्य की पहल पर जिले में संचालित 76 छात्रावासों को विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के द्वारा गोद लिया गया है। जिलाधिकारी छात्रावासों के सतत संपर्क में हैं।

### कुर्सी दौड़ व 100 मीटर रनिंग प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** स्वीप एक्टिविटी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हांसुआ में ग्रामीण महिलाओं के मध्य कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की प्रशंसा की। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में गांव की ही मैमबाई ने जीत अर्जित की। इसके साथ ही ग्रामीण पुरूष वर्ग के मध्य 100 मीटर रनिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# ग्रामीण ठान लें तो 100% मतदान कोई बड़ी बात नहीं: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोमवार को ग्राम पंचायत हांसुआ (कछवा) के ग्रामीणों को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मतदान का महत्व समझाया। कलेक्टर ने शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय हांसुआ कछवा में आयोजित पालक शिक्षक मीटिंग के दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों, पालकों व स्कूली छात्र-छात्राओं से कहा कि यदि गांव के नागरिक ठान लें तो हंड्रेड प्रतिशत मतदान कोई बड़ी बात नहीं है। कलेक्टर श्री वैद्य ने स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विद्यालय में विद्यार्थियों के किसी एक विषय में 100 नंबर आ सकते हैं तो हंड्रेड प्रतिशत मतदान करने में छात्र-छात्राएं भी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं यदि इस बार हंड्रेड प्रतिशत मतदान कराएंगे तो गांव का मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि गांव में जो मतदाता हैं उनकी सूची बनाइए और उन्हें खोजिये कि कौन कहां निवास करता है। गांव के प्रत्येक मतदाता से डोर-टू-डोर संपर्क कर उन्हें अपने अधिकारों से अवगत कराएं। और बताएं कि मतदान करना कितना महत्वपूर्ण है। गांव को एक ऐसे मॉडल के रूप में विकसित करें और दिखा दें कि गांव के लोग हंड्रेड प्रतिशत जागरूक हैं। गांव का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग है। स्वीप गतिविधि के क्रम में विदिशा करेगा शत प्रतिशत मतदान थीम पर आयोजित किये जा रहे मेगा इवेंट्स मिशन 10 डेज के तहत ग्राम पंचायत हांसुआ कछवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक शिक्षक

### सालों से फरार स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों को दबोच लाई देहात पुलिस

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिविल लाइन थाना टीआई शाहवाज खान ने बताया कि एसपी के निर्देश के बाद स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने के लिए कांबिंग गस्त की गई। रात में की गई इस कांबिंग गस्त में पांच टीमें थाना स्तर से बनाई गई। जिन्हें मंडीदीप, नटेरन, बैरसिया, भोपाल और अन्य जगहों पर भेजा गया। जिसमें 12 स्थाई वारंटी और 4 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए।

# 17 स्थाई वारंटियों सहित 27 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा, तीन बदमाश चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुंडे बदमाशों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। एसपी के निर्देश पर थाना कोतवाली, सिविल लाइन, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, करारिया में गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना प्रभारियों ने अलग-अलग टीम बनाकर 17 स्थाई वारंटियों, 27 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा।

वहीं 38 हिस्ट्रीशीटर, 60 गुंडों एवं 20 जिलाबदर के अपराधियों के घर तक पुलिस टीम पहुंची। कोतवाली पुलिस ने बदमाश नितिन शर्मा उर्फ निक्की निवासी झूलनपीर, शाविर कुरैशी हम्मालपुरा लोहाबजार, अंसार कुरैशी निवासी बड़ा बाजार, संजय धाकड जानकीनगर को चाकू रखे गिरफ्तार किया। जिन पर 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। ग्यारसपुर थाना पुलिस ने आरोपी अमित कुशवाह निवासी औलिंजा को 23 क्वाटर शराब के साथ दबोचा, तो वहीं गुलाबगंज पुलिस ने आरोपी रतिराम अहिरवार निवासी धनियाखेड़ी को 22 क्वाटर शराब के साथ पकड़ लिया। थाना करारिया ने गश्त के दौरान श्रीकांत बधेल निवासी अरवरिया को यात्री प्रतीक्षालय में शराब पीने पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्रवाई से गुड़े बदमाशों में खौफ पैदा करने के लिए पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।

# ब्राह्मणों को रिझाने आए उपमुख्यमंत्री



विदिशा। उप मुख्यमंत्री पंडित राजेन्द्र शुक्ल सोमवार को विदिशा आए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेश की भाजपा सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सोमवार को विदिशा पहुंचे और उन्होंने ब्राह्मण मतदाताओं को रिझाने के लिये विनायक वैंकट हाल में एक बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन श्यामसुंदर शर्मा ने किया। बैठक में नपा में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित भाजपा

## लोकसभा चुनाव 2024 | मतदान प्रतिशत बढ़ाने प्रशासन ने एक साथ की पेरेंट्स मीटिंग

# 2300 स्कूलों में मतदान करने किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले के सभी 2300 स्कूलों में सोमवार को एक साथ पेरेंट्स मीटिंग का रिकॉर्ड बनाया। मीटिंग में एक लाख 30 हजार 838 पालक शामिल हुए। पेरेंट्स को स्कूलों मनोरंजन के माध्यम से मतदान करने की याद दिलाई गई।

महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, रैली, वाद विवाद तथा केरम व दौड़ प्रतियोगिता सहित अन्य ग्राम स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिपं सीईओ ने बताया कि यह पहली बार हुआ है कि एक ही तिथि एक ही समय पर स्कूलों में पेरेंट्स मीटिंग आयोजित की गई है और सभी को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की कुल 2629 स्कूलों में कुल 2434 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एक लाख 30 हजार 838 अभिभावकों द्वारा सहभागिता निभाई गई है। प्रत्येक विकासखंड स्तरीय संख्यात्मक जानकारी के अनुसार बासौदा के 464 स्कूलों में 438 गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें 17640 अभिभावक शामिल हुए।

ग्यारसपुर के 234 स्कूलों में 223 कार्यकम हुए। इनमें 6503 ने सहभागिता निभाई। कुरवाई में 305 स्कूलों में 289 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में 11769 तथा लटेरी की 302 स्कूलों में 264 कार्यक्रमों में 15678 नटेरन के 375 स्कूलों में 375 मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में 38567 व्यक्तियों ने सहभागिता निभाई। सिरोंज के 458 स्कूलों में 372 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां 7121 ने सहभागिता निभाई। विदिशा में 491 स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें 33559 अभिभावकों के द्वारा सहभागिता निभाई गई।



विदिशा। स्कूलों में खेल गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता संदेश दिया गया।

- मनोरंजन के साथ गांव गांव पहुंचा मतदान करने का संदेश।